प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 07.04.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- निर्वाचन आयोग के सुविधा पोर्टल पर अब तक देश भर में चौआलीस हजार छह सौ छब्बीस आवेदन को मिली स्वीकृति, झारखंड की ओर से दिए गए दो सौ सत्तर आवेदन।

2- भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मध्य प्रदेश के जबलपुर में करेंगे चुनाव प्रचार,बिहार के नवादा में चुनावी रैली को भी करेंगे संबोधित।

3- आज मनाया जा रहा है विश्व स्वास्थ्य दिवस, चिकित्सकों के अनुसार अच्छे स्वास्थ्य के लिए हर दिन लोग कम से कम आधे घंटे शारीरिक गतिविधियों पर दें ध्यान।

4- आईपीएल क्रिकेट में आज दोपहर साढ़े तीन बजे मुंबई इंडियंस का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से और लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला गुजरात टाइटंस से शाम 7 बजकर 30 मिनट पर होगा।

********************

निर्वाचन आयोग के सुविधा पोर्टल पर लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों के द्वारा तिहत्तर हजार तीन सौ उनासी ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हो चुके हैं । इसमें चौआलीस हजार छह सौ छब्बीस आवेदनों को स्वीकृति दी जा चुकी है, जबकि ग्यारह हजार दो सौ आवेदन अस्वीकार तथा दस हजार आठ सौ उन्नीस आवेदनों को कैंसिल कर दिया गया है । गौरतलब है कि सुविधा पोर्टल के तहत राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों को चुनाव प्रचार के सिलसिले में सभा रैली अथवा अन्य चुनावी कार्यक्रम के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा ऑनलाइन अनुमति दी जाती है। झारखंड में अबतक दो सौ सत्तर आवेदन दिये गये हैं।

********************

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी आज मध्य प्रदेश के जबलपुर में चुनाव प्रचार करेंगे। श्री मोदी जबलपुर में रोड शो में शामिल होंगे। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बिहार के नवादा में चुनाव रैली करेंगे। वे एनडीए उम्मीदवार के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा नेताओं के साथ एनडीए के अन्य घटक दलों के सदस्य भी रैली में शामिल होंगे।

********************

पूर्वी सिंहभूम में लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल ने कल सोनारी में मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलायी। उन्होंने कहा कि जिनके नाम मतदाता सूची में नहीं हैं, वे जल्द ही अपने नाम मतदाता सूची में जुड़वा लें। इधर जामताड़ा जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए आवश्यक प्रयास किया जा रहे हैं। इस क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी आकांक्षा कुमारी ने कल प्रखंड के बांदों, महुलबोना आदि गांव में पहुंचकर तालाब खुदाई में लगे मजदूरों को मतदान के महत्व एवं तिथि की जानकारी दी और मतदान करने की शपथ दिलाई ।

********************

लोकसभा चुनाव –2024 के मद्देनजर साहेबगंज जिला निर्वाचन पदाधिकारी– सह– उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में मोबाइल टावर कनेक्टिविटी की समीक्षा बैठक की गई। इसमें उन्होंने बीएसएनएल द्वारा संचालित बोरिया, मंडरो, तालझारी, साहेबगंज मे चिन्हित किए हुए स्थान पर जल्द से जल्द दस से पंद्रह दिनों में प्राथमिकता के आधार पर टावर लगाने का निर्देश दिया।

********************

गुमला जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने लोकसभा चुनाव को लेकर गठित किए गए व्यय कोषांग को राजनैतिक दलों की गतिविधियों की जानकारी रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जिले में राजनैतिक कार्यक्रमों, सभाओं और रैली के आयोजन से 48 घंटे पूर्व राजनीतिक दलों को संबंधित अधिकारियों से अनुमति लेनी होगी। ताकि चुनावी खर्चों पर नजर रखी जा सके। उन्होंने कहा कि सभी चुनावी अनुमति को ऑनलाइन सुविधा पोर्टल पर अपलोड करना भी अनिवार्य है।

********************

खूंटी लोकसभा क्षेत्र में 13 मई को होनेवाले चुनाव को लेकर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

********************

गुमला जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा कल बसिया प्रखण्ड क्षेत्र के लोहड़ी पंचायत स्थित आंगनवाड़ी केंद्र बूथ संख्या 210 का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने केंद्र के मतदाता सूची की जांच की। साथ ही जिले के दिव्यांगो एवं 85 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं को सूची की भी जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने लोगों से 13 मई को अपने मताधिकार के लिए प्रेरित भी किया ।

********************

चतरा जिले में लोक सभा का चुनाव पांचवे चरण में है। 26 अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। मतदान 20 मई को होगा। जिला प्रशासन के द्वारा चुनाव कि तैयारियों को अंतिम रूप देने के साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान को तेज कर दिया गया है।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

********************

स्वास्थ्य को लेकर वैश्विक स्तर पर जागरूकता लाने के लिए आज विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस वर्ष के लिए थीम रखा है– मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार। इसका उद्देश्य आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में रह रहे विश्व के लगभग साढ़े चार अरब लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा और स्वच्छ वातावरण के प्रति जागरूक करना है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली की प्रोफेसर डॉ रीमा दादा के अनुसार जीवनशैली में बदलाव और योग अभ्यास के द्वारा हम अनेक रोगों को दूर कर सकते हैं। वहीं एनएफएचएस –5 के आंकड़ों के अनुसार झारखंड में 22दशमलव छह फीसदी पुरूष और 17 दशमलव आठ फीसदी महिलाएं ब्लड प्रेशर से ग्रसित हैं, जिससे बड़ी संख्या में लोग अन्य बिमारियों के शिकार हो रहे हैं।

चिकित्सकों के अनुसार अच्छे स्वास्थ्य के लिए हर दिन लोग कम से कम आधे घंटे शारीरिक गतिविधियों पर ध्यान दें।

*******************

हजारीबाग के लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार में कल देर शाम प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा की अगुवाई में औचक निरीक्षण किया गया। इस क्रम में सदर एसडीएम शैलेश कुमार समेत सात दंडाधिकारी एवं लगभग 1 सौ 50 पुलिस के जवान औचक निरीक्षण की कार्रवाई में मौजूद रहे। शाम 7 बजे से रात 9 बजे तक चले इस निरीक्षण में प्रशासन की टीम ने केंद्रीय कारागार के अस्पताल, कैंटीन, बैरक और पंजी समेत अन्य जगहों का निरीक्षण किया।

*******************

जमशेदपुर में वैशाखी ,हिंदू नव वर्ष रामनवमी अखाड़ा जुलूस, ईद और सरहुल पर्व को लेकर पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन की ओर से केंद्रीय शांति एवं अखाड़ा समिति के साथ बैठक की गई। जिसमें विभिन्न अखाड़ा समितियो के सदस्यों के द्वारा विभिन्न समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया गया। उपायुक्त अनन्य मित्तल ने समस्या के समाधान पर आश्वस्त करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

*******************

गोड्डा जिले में अवैध बालू खनन पर रोक लगाने के लिए छापेमारी की जा रही है। इस क्रम में जिले के पथरगामा थाना अंतर्गत देर रात रजौन मोड़ के समीप अवैध बालू लदा हाईवा और एक ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया। पथरगामा थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध बालू की ढुलाई किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगा।

*******************

सरायकेला – टाटा मुख्य मार्ग पर शनिवार के शाम चंद्रपुर एवं कोलेबिरा के बीच तेज रफ्तार ट्रक ने टेंपो को सीधे टक्कर मार दी। इससे टेंपो चालक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल की मौत अस्पताल ले जाने के क्रम में हो गई। मामले को लेकर उग्र ग्रामीणों ने लगभग साढे पांच घंटे तक सरायकेला टाटा मुख्य सड़क को जाम रखा। बाद में प्रशासन के आश्वासन पर यातायात का पुनः परिचालन शुरू हुआ।

*******************

आईपीएल क्रिकेट में आज मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा। मैच दोपहर साढ़े तीन बजे शुरू होगा। लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई एकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला गुजरात टाइटंस से होगा। ये मैच शाम 7 बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

******समाप्त************